भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 929**

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 02 दिसंबर, 2024

11 अग्रहायण, 1946 (शक)

**महाभारत काल की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना**

929. **श्री अरूण गोविल:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हस्तिनापुर, मेरठ में कला और संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की सरकार की क्या योजना है; और

(ख) महाभारत काल की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या उपाय किये गये हैं?

उत्तर

**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**

**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): हस्तिनापुर, मेरठ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का एक संरक्षित स्मारक है, जिसे वर्ष 2021-22 में केंद्र सरकार द्वारा पांच 'प्रतिष्ठित स्थल' में से एक के रूप में घोषित किया गया था। विगत कुछ समय में स्थल के अंदर संरक्षण और विकास संबंधी कार्य जैसे स्थल को मुख्य सड़क से जोड़ने वाले रास्तों का निर्माण, पार्किंग, उद्यानों का विकास और आवश्यक जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के काम शुरू किए गए हैं। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में हस्तिनापुर स्थल में पुरातात्विक उत्खनन भी किए गए थे और स्थल पर उत्खनन तथा उसकी खोजों पर एक फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई है। स्थल से अतिक्रमणों को भी हटा दिया गया है।

*****